an>

Title: Need to take steps to provide All India Pre-Veterinary Exam question papers to candidates in Hindi and other vernacular languages of the country.

श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, प्रति वर्ष भारतीय पशु चिकित्सा परिषद द्वारा पशु चिकित्सकों के अध्ययन हेतु राष्ट्रीय स्तर पर ऑल इंडिया प्री-वेटेनरी परीक्षा का आयोजन किया जाता है। उक्त परीक्षा में वर्ष 2011 तक प्रश्नपत्र हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आते थे। परन्तु वर्ष 2011 के बाद भारतीय पशु चिकित्सा परिषद द्वारा यह तय किया गया कि प्रश्नपत्रों की भाषा केवल अंग्रेजी होगी। अब प्रश्नपत्र केवल अंग्रेजी भाषा में आने के कारण हिन्दी व अन्य भारतीय भाषाओं के माध्यम से अध्ययनरत छात्रों के सामने बहुत बड़ी समस्या खड़ी हो गयी है। फिजिक्स, केमेस्ट्री, बायोलॉजी आदि अपने विषयों में अच्छी जानकारी होने के बावजूद प्रश्नपत्रों की भाषा अंग्रेजी होने के कारण कई बार वे सही उत्तर नहीं दे पाते हैं। परिणामस्वरूप देश के ग्रामीण क्षेत्रों से आए प्रतिभाशाली छात्र, जिन्होंने अंग्रेजी भाषा के माध्यम से शिक्षा ग्रहण नहीं की है, उनको पशु चिकित्सक की शिक्षा प्राप्त करने के अवसर कम हो जाते हैं। पूर्व में भारतीय पशु चिकित्सा परिषद द्वारा बहुत सारे ऐसे कार्य किये गये थे, जिनकी वजह से पिछले दस वर्ष में बहुत सारे काम नहीं हो पाये थे। लेकिन जब से एन.डी.ए. की सरकार बनी है, तब से पिछले छः महीने में हमारे माननीय मंत्री जी के नेतृत्व में भारतीय पशु चिकित्सा परिषद में आमूलचूल परिवर्तन किया गया, जिसके कारण बहुत सारे काम अब ठीक हुए हैं। परिणामस्वरूप मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए मांग करता हूं कि भारतीय पशु चिकित्सा परिषद् को निर्देशित करने की कृपा करें कि आगामी परीक्षा सत्रों में अंग्रेजी के साथ हिन्दी व अन्य भारतीय भाषाओं के माध्यम से भी प्रश्नपत्र दिये जाएंगे।